WWF 50 YEARS IN INDIA

# एक पृथ्वी, एक घर

## चरण १ खोजो और पाओ

कक्षाएं ३,४ और ५

कार्य पुस्तिका


प्यारे बच्चों,

बाहर है एक अनोखा वाइरस, छोटा है पर खतरनाक भी,
जिससे दुबक कर घर में बंद हैं देखो हम सभी।
चाहते है हम सब कुछ मज़ेदार करना,
खेलना, कूदना, उछलना-कूदना।
तो फिर क्यों बैठे हम सब चुपचाप
चलो करें एक नई शुरूआत।
एक घर एक पृथ्वी है मज़ेदार तरीका,
स्वस्थ जीवन जीने का नया सलीका।
तो आओ चलें एक नई दिशा में,
तीन चरणों में प्रकृति से मिलने।

**नमस्ते! एक पृथ्वी-एक घर कार्यक्रम में आपका स्वागत है!**

क्या आप जानते हैं कि आपके अलावा आपके घर में कई अन्य जीव भी रहते हैं? आपने कुछ ऐसे जीव तो देखे भी होंगे जैसे कि चींटियों की कतार को चीनी के एक छोटे से कण की ओर जाते हुए या फिर पास के एक पेड़ पर पक्षियों को गाना गाते हुए या मकड़ी को अपने जाल पर झूलते हुए।
हम अपने ग्रह - पृथ्वी को कई पौधों और जानवरों के साथ बांटते हैं।और चाहे वे जंगलों में हों या हमारे घरों में हमें उनका सम्मान अपने संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करके करना चाहिए ।

**तो, चलिए शुरू करते हैं एक मज़ेदार यात्रा, ३ सरल कदम उठाकर।**



## चरण १ खोजो और पाओ



## चरण २ देखो और सीखो



## चरण ३ सोचो और करो

आओ अपने घर-जीवन को हरा-भरा बनाएं,
सुंदर धरती की सुंदरता को मिलकर और बढ़ाए।

# नोट:माता-पिता/अभिभावक के लिए

**‘एक पृथ्वी एक घर’ एक छोटा १० सप्ताह का कार्यक्रम है। इस के लिए प्रति सप्ताह केवल ३० मिनट गतिविधि समय की आवश्यकता है।**

- कार्यपत्रक को प्रिंट किया जा सकता है या एक कोरे कागज/नोटबुक पर पूरा किया जा सकता है।

- सभी गतिविधियों के दौरान अपने बच्चे का साथ दें और सहयोग करें। कार्य पत्रक पूरा करने में उनकी मदद करें।

- प्रत्येक गतिविधि में एक छोटा सहायक वीडियो है, जो व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षकों को भेजा जा सकता है या प्रत्येक कार्यपत्रक के साथ दिए गए लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।

- हमेशा छोटी सफलताओं की ख़ुशी मनाएं और परिवार के साथ मज़े से भरा समय बिताएं।

# चरण १
# खोजो और पाओ

**रेडी स्टेडी गो!**

**‘एक पृथ्वी एक घर’ का पहला कदम उठाने का समय आ गया हैं।**

**इसमें ३ कार्य पत्रक और ३ वीडियो हैं।**

## सूचिपत्र


**वीडियो V1A: प्रकृति हर जगह!** Pg. १
इस वीडियो को देखकर प्रकृति की वर्चुअल सैर के साथ प्रकृति के बारे में और जानें। **https://youtu.be/5k-8mhOCCi0**

**कार्यपत्रक W1A: मेरी प्रकृति पत्रिका** Pg. २
अपनी प्रकृति पत्रिका बनाएं और उन सभी पौधों और जानवरों को चित्रित करें जिन्हें आपने प्रकृति की वर्चुअल सैर में देखा था।

**वीडियो V1B: प्रकृति में हमारे अनोखे मित्र** Pg. ४
एक चित्र–कथा आपके घर और आस-पास के पौधों और जानवरों के बारे में। **https://youtu.be/g0qqWdRJ-oM**

**कार्यपत्रकW1B: एक प्रकृति जासूस बनें!** Pg. ५
उन जानवरों को ढूंढें जिन्हें आप अपने घर में या अपने घर के आस-पास, बालकनी में या खिड़की से देख सकते हैं।अपने घर के भीतर या बाहर के किसी भी एक पौधे या फूल का चित्र बनाएं।

**वीडियो V1C: प्रकृति और राष्ट्र** Pg. ७
भारत और अपने राज्य के पौधों और जानवरों के बारे में अधिक जानने के लिए वीडियो देखें। **https://youtu.be/tcxcub649dc**

**कार्यपत्रक W1C: मेरे राजकीय पौधे और पशु** Pg. ८
अपने राज्य के पशु और पौधे का चित्र बनाएं।

**पुनरावृति और सार** Pg. ९
जो आपने सीखा है उसे दोहराएं और उसका विवरण दें।


**एक पृथ्वी एक घर सतत विकास लक्ष्य (एस. डी. जी.) हासिल करने में भी मदद करता है।**

**इसके लिए चरण १**






## वीडियो V1A

# आओ देखें वीडियो

प्रकृति हर जगह

**आइए एक प्रकृति की वर्चुअल सैर के साथ प्रकृति की खोज शुरू करें। इस लिंक पर क्लिक करें और विडियो देखें - https://youtu.be/5k-8mhOCCi0**






कार्यपत्रक

W1A

# मेरी प्रकृति पत्रिका

**वीडियो में आपके द्वारा देखी गई सभी चीजों का चित्र बनाएं!**

**१. रंग**

**२. एक बड़ा जानवर**

**३. एक छोटा पौधा**

**४. एक पेड़**

**५. एक छोटा जानवर**

**६. एक पक्षी**

## ध्वनि को पहचानें

वीडियो में सुनाई देने वाली ध्वनियों को दोहराएं।क्या आपध्वनि के स्रोत को पहचान सकते हैं? अपना उत्तर लिखें या चित्र बनाएं।

## सूंघ कर बताएं

वीडियो को ध्यान से देखें।आपको क्या लगता है कि फूल की खुशबू कैसी होगी? नीचे लिखें।

## वीडियो V1B

# आओ देखें वीडियो
## प्रकृति में हमारे अनोखे मित्र

**अपने घर के भीतर और बाहर के पौधों और जानवरों के बारे में चित्र–कथा देखें।**
**https://youtu.be/goqqWdRJ-oM**



# कार्यपत्रक


W1B

## एक प्रकृति जासूस बनें!

कई प्रकार के जीव हमारे घर का दौरा करते हैं और उनमें से कईं तो हमारे घर के सदस्य भी बन जाते हैं। जाओ, खिड़की के बाहर या फिर अपने घर के भीतर इन्हें ढूंढो।


**उन सभी प्राणियों के सीरियल नंबर पर निशान लगाएं या अपनी नोटबुक में लिखें जिन्हें आपने अपने घर में या अपने घर के आस-पास देखा।**

१. मक्खी




☐

२. कॉकरोच




☐

३. मच्छर




☐

४. खटमल




☐

५. कीड़े



☐

६. घुन




☐

७. पतंगा




☐

८. तितली




☐

९. छिपकली



☐

१०. झींगुर



☐

११. चींटी



☐

१२. मधुमक्खी



☐

१३. ततैया



☐

१४. मकड़ी




☐

१५. चूहा




☐

१६. गिलहरी



☐

१७.कोई पक्षी



☐


१८. कुत्ता



☐

जिन प्राणियों को आपने देखा उनमें से सब से दिलचस्प प्राणी का चित्र बनाएं। आपने उसे कहां देखा उस जगह का भी चित्र बनाएं। नीचे दिए गए उदाहरण चित्र को देखें।

उदाहरण चित्र



## वीडियो V1C

# आओ देखें वीडियो

## प्रकृति और राष्ट्र

**भारत में कई पौधे और जानवर हैं। उनके बारे में अधिक जानने के लिए यह वीडियो देखें।**

**https://youtu.be/tcxcub649dc**



कार्यपत्रक

W1C

# मेरे राजकीय पौधे और पशु

(राज्य का नाम)

**मैं रहती/रहता हूँ** _____

**आओ बनाते हैं।**

## मेरा राजकीय पशु

## मेरा राजकीय पक्षी


## मेरा राजकीय वृक्ष

## मेरा राजकीय पुष्प


# पुनरावृति और सार

**बधाई हो! आपने चरण १ पूरा कर लिया है।**


आइए देखें कि हमने अब तक क्या सीखा! निम्नलिखित सूची में उन चीज़ों पर निशान लगाएं जिनके बारे में अब आपको पता है।



1. मेरे आस-पास कई पौधे और जानवर हैं।




2. मैं अपनी बालकनी और खिड़की से पक्षियों को देख सकता/सकती हूँ।




3. मैं अपने राजकीय पशु को जानता/जानती हूँ।



4. मैं अपने राजकीय वृक्ष को जानता/जानती हूँ।



5. मैं अपने राजकीय फूल को जानता/जानती हूँ।



6. मैं अपने राजकीय पक्षी को जानता/जानती हूँ।